माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in E-mail ID - registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 1839 /02/सम्ब0/MSU/2021–22 दिनांक: 09.11.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध बी0पी0एड0, एम0पी0एड0, एल0एल0एम0 एवं एम0एड0 महाविद्यालय

विषय –महाविद्यालय में नियुक्त शिक्षकों का विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि सत्र 2022–23 में बी0पी0एड0, एम0पी0एड0, एल0एल0एम0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है। कृपया अपने महाविद्यालय में संचालित बी0पी0एड0, एम0पी0एड0, एल0एल0एम0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम में नियुक्त शिक्षकों का अनुमोदन पत्र, शिक्षकों को खाते के माध्यम से किये जा रहे वेतन भुगतान का प्रमाण–पत्र(बैंक द्वारा प्रमाणित विवरण), आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा इस आशय का शपथ–पत्र कि शिक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र की समाप्ति तक कार्यरत् रहेगा, सम्बन्धी अभिलेख सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) को दिनांक : 15.11.2022 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे सम्बद्ध पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग के माध्यम से छात्र आवंटित किये जा सकें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र आवंटित नहीं किये जायेंगे।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. प्रवेश समन्वयक।
02. सहायक कुलसचिव।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव